दिनांक 05.04.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम की टीम ने किया मार्केट का सघन निरीक्षण, लाकडाउन के एक दिन पूर्व से निगम की टीम चौकन्ना

भिलाईनगर / आज भिलाई निगम की मोबाइल टीम ने मार्केट क्षेत्रों एवं बाजार क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। पिछले दफा लाॅकडाउन के दौरान जिन क्षेत्रों के दुकान संचालकों ने नियमों की अवहेलना की थी आज टीम ने उन क्षेत्रों का सघन निरीक्षण कर लाॅकडाउन का कड़ाई से पालन करने की समझाईश दी। आज मोबाइल टीम ने ओम शांति ओम चौक , खुर्सीपार गेट, स्मृतिनगर थाना के समीप दुकानों , संगम होटल रोड, गोल मार्केट, सूर्यामॉल के समीप इत्यादि दुकानों का निरीक्षण किया। सर्कुलर मार्केट के एक व्यवसायी द्वारा एक्सपायरी खाद्य पदार्थ विक्रय के लिये रखा गया था, सामग्री जप्त करते हुए 1000 रूपये दुकान संचालक से जुर्माना वसूल किया गया। वहीं नापतौल विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुये कई विक्रेताओ के तराजू भी शाम तक लिये जप्त किया गया। जिन्हें हिदायत देकर तराजू एवं बाट को वापस किया गया। वहीं दुकान संचालक द्वारा आकाश गंगा में अतिरिक्त सामान बढ़ाकर विक्रय किया जा रहा था जिसकी सामग्रियों को रास्ते से हटवाकर दुकान संचालक से 500 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। दुकान एवं मार्केट क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुये संचालकों को लाॅकडाउन का कड़ाई से पालन करने की समझाईश दी गई। वहीं आज दुकानों एवं मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए कुल 2500 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 6 अप्रैल से लाॅकडाउन की घोषणा की गई है। जिसका कड़ाई से पालन करवाने निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर आज भिलाई निगम की मोबाइल टीम ने निरीक्षण किया। टीम में सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर , शरद दुबे, संजय वर्मा, मलखान सिंह सोरी एवं मोबाइल टीम के प्रभारी प्रकाश अग्रवाल मौजूद रहे।